प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

दिनांकः 23.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य की 13 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण के तहत होने वाले चुनाव के लिए प्रचार कल शाम थम जाएगा। सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज टोंक–सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में उनियारा में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्थिर और ईमानदार सरकार देश के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया में तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और पिछले दस साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। श्री मोदी ने भरोसा दिलाया कि दलितों और पिछडों के आरक्षण को खत्म नहीं किया जाएगा और न ही धर्म के आधार पर बांटने दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद थे।

पाली, सिरोही और डूंगरपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज चुनाव प्रचार का कार्यक्रम है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रानौत दो दिन प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। वे यहां पाली और जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर शहर में रोड़ शो करेंगी। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चित्तोड़गढ के बानोड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज टोंक–सवाई माधोपुर क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी हरीश मीणा के लिए दो जनसभाएं करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जालौर जिले के बागोड़ा और सायला में जनसभाएं और भीनमाल में रोड़ शो करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद रहेंगे। वहीं आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल का जालौर–सिरोही और अजमेर में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार का कार्यक्रम है।

000

प्रदेश में दूसरे चरण के तहत 13 लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर वोटर स्लिप और वोटर गाइड का वितरण किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन विभाग अभियान के तहत अब तक 99 दशमलव एक पांच प्रतिशत वोटर स्लिप और 99 दशमलव चार नौ फीसदी वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के लिए कुल 2 करोड़ 73 लाख 13 हजार से अधिक मतदाता पर्चियां और 64 लाख 63 हजार से ज्यादा मतदाता मार्गदर्शिका बांटी जा चुकी हैं। आओ बूथ चले अभियान के दौरान मतदान केंद्र के साथ–साथ मतदाताओं के घर–घर जाकर भी इनका वितरण किया जा रहा है।

000

प्रदेशभर में पांचवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल से किया जाएगा। इसमें 14 लाख 77 हजार से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जयपुर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक और गोनेर डाइट के प्राधानार्चा जगदीश मीणा ने बताया कि इस परीक्षा में जिलेभर के 1 लाख 24 हजार 709 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हैं। इनमें 38 हजार 524 सरकारी और 86 हजार 185 विद्यार्थी निजी स्कूलों के हैं।

000

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पवन पुत्र का समर्पण सभी राम भक्तों के लिए प्रेरणादायी है। श्री मोदी ने भगवान हनुमान के आशीर्वाद से विकसित भारत को नई ऊर्जा मिलने की कामना की है। हनुमान जनमोत्सव के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। राजधानी जयपुर के हनुमान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दोपहर बाद मोती डूंगरी गणेश मंदिर से भगवान हनुमान की शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमानजी मंदिर पहुंचेगी। बूंदी में मालनबासी बालाजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में

दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। अलवर में कैडलगंज से ध्वजा यात्रा निकाली गयी, जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस यात्रा में 52 झांकियां शामिल रहीं।

जैसलमेर में शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें सजे–धजे ऊंट आकर्षण का केन्द्र रहे। सांचौर जिले में गोलासन के हनुमान मंदिर में आज भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सीकर के देवीपुरा बालाजी धाम में दो दिन से भजन कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर में पुष्प और पंचमुखी बालाजी तथा घाटीला बालाजी मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ और भंडारे के आयोजन रखे गये हैं।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। अधिकांश भागों में 37 से 39 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है। सबसे ज्यादा अधिकतम 39 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में रहा। मौसम केन्द जयपुर के अनुसार अगले दो–तीन दिन में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

000